## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र–2025–2026
## इतिहास (केवल प्रश्नपत्र)
## कक्षा–12

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

**निर्देश** : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

**नोट** :(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्नपत्र में पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ख' में 05 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ग' में 06 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं खण्ड 'घ' में 03 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं तथा खण्ड 'ङ' में 01 ऐतिहासिक तिथियों व 01 मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

1.निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए– 1

(a) अलैक्जेण्डर कनिंघम (i) हड़प्पा में मुहरों की खोज

(b)दयाराम साहनी (ii) भारतीय पुरातत्व के जनक

(c)राखाल दास बनर्जी (iii) ''द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोजॉली'' के लेखक

(d)एस0एन0राव (iv) हड़प्पा के समान मोहनजोदड़ों में मुहरों की खोज

विकल्प–

(A) a-(ii), b-(i), c-(iv), d-(iii)

(B) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)

(C) a-(iii), b-(i), c-(iv), d-(ii)

(D) a-(iv), b-(ii), c-(iii), d-(i)

2.(A) कथन–हड़प्पा निवासियों का सुदूर क्षेत्रों से सम्पर्क था।     1

(B) कारण– पुरातात्विक खोजो में मेसोपोटामिया के क्षेत्रों में हड़प्पाई मुहरें,बाट,पासे मनके प्राप्त हुए हैं।

(i) A और B दोनों सही है और B,A की सही व्याख्या करता है।
(ii) A सही है, B गलत है।
(iii) B सही है, A गलत है।
(iv) A और B दोनों सही है और B,A की सही व्याख्या नहीं करता है।

3.'ओलीगार्की' का आशय है–     1

(i) जहाँ सत्ता पुरुषों के समूह में होती है।
(ii) जहाँ सत्ता की सम्पूर्ण शक्ति राजा के हाथों में केन्द्रित होती है।
(iii) जहाँ शासन की शक्ति राष्ट्रपति के हाथों में होती है।

(A) (i) और (ii)

(B) (ii) और (iii)

(C) (i) और (iii)

(D) केवल (i)

4.'रेह्ला' के लेखक हैं–     1

(A) फ्रांसिस बर्नियर     (B) अब्दुल रज्जाक समरकन्दी

(C) महमूद वली बल्खी     (D) इब्नबतूता

5.भक्ति–आन्दोलन में 'आंडाल' थीं :–     1

(i) वह आलवार स्त्री भक्त थीं।

(ii) वह नयनार स्त्री भक्त थीं।

(iii) स्वयं को विष्णु की प्रेयसी मानकर प्रेम भावना छन्दों में व्यक्त करती थीं।

(iv) इन्होंने उद्देश्य प्राप्ति हेतु घोर तपस्या का मार्ग अपनाया।

(A) (i), (iii) ,(iv)

(B) (ii) ,(iii),(iv)

(C) (i) ,(ii),(iv)

(D) केवल (i) ,(iii)

6.हम्पी को यूनेस्को ने विश्व पुरातत्व स्थल कब घोषित किया? 1

(A) 1986 ई0 (B) 1995 ई0

(C) 1990 ई0 (D) 1999 ई0

7.निम्नलिखित में से कौन सा कथन लिंगायत समुदाय से सम्बन्धित नहीं है? 1

(A) इस समुदाय का उद्भव कर्नाटक में हुआ।

(B) इस समुदाय का नेतृत्व बासवन्ना ने किया।

(C) ये पुनर्जन्म में विश्वास रखते थे।

(D) इस समुदाय में मृत्यु के उपरान्त शवों को दफनाया जाता था।

8.1857 ई0 के विद्रोह में लखनऊ का नेतृत्व करने वाली अवध की महारानी का नाम था– 1

(A) रानी लक्ष्मी बाई (B) बेगम मुमताज महल

(C)बेगम हजरत महल (D)महारानी गायत्री देवी

9.संथालों के विद्रोह का कारण था– 1

(A)संथालों ने जिस जमीन को साफ करके खेती शुरु की थी, सरकार उस पर भारी कर लगा रही थी।

(B)साहूकार ऊँची दर पर ब्याज लगा रहे थे, ब्याज न चुकाने की स्थिति में वे जमीन पर कब्जा कर ले रहे थे।

(C)उर्वर जमीनें उनके लिए दुलर्भ हो गयी थीं क्योंकि वे अब दामिन का हिस्सा बन गयी थीं।

(D)उपर्युक्त सभी।

10. निम्नलिखित में से कौन से कथन 'सहायक सन्धि' के सम्बन्ध में सत्य <u>नहीं</u> है– 1

(i) सहायक सन्धि लार्ड डलहौजी द्वारा तैयार की गई थी।
(ii) सहायक सन्धि स्वीकार करने वाले शासक को अपनी रियासत में अंग्रेज टुकड़ी की तैनाती हेतु अनुमति देनी होती थी।
(iii) ब्रिटिश सैनिक टुकड़ी के रख–रखाव की व्यवस्था भी करनीं होती थी।
(iv) सहायक सन्धि स्वीकार करने वाला शासक विदेश नीति व अन्य शासकों से सन्धि करने हेतु स्वतन्त्र था।

(A) (i),(ii),(iv) (C) (i),(iii),(iv)
(B) (ii),(iii),(iv) (D) केवल (i),(iv)

<u>अति लघु उत्तरीय प्रश्न</u> (लगभग 30 शब्दों में)

11.मौर्य साम्राज्य की जानकारी हेतु किन्हीं दो साहित्यिक स्त्रोत का नाम लिखिए। 1+1
12.जैन धर्म और बौद्ध धर्म के सिद्धान्तों में कोई दो अन्तर लिखिए? 1+1
13.सगुण और निर्गुण भक्ति परम्परा में दो अन्तर लिखिए? 1+1
14.खुद–काश्त और पाहि–काश्त किसान किसे कहते हैं? 1+1
15.सूर्यास्त विधि क्या थी? 2

## लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 80 शब्दों में)

16.अभिलेख शास्त्रियों को होने वाली किन्हीं पाँच समस्याओं की सूची बनाइए। 5

17.साँची स्तूप के संरक्षण में बंगाल की बेगमों की क्या भूमिका थी? 5

18.बे शरिया और बा शरिया सूफी परम्परा के बीच समानता व भिन्नता दोनों स्पष्ट कीजिए? 2½+2½

19.विजयनगर की जल आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था? 5

20.जमींदार, अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियन्त्रण बनाए रखते थे। 5

21.इस्तमरारी बन्दोबस्त का जमींदारों पर क्या प्रभाव पड़ा? 5

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (लगभग 200 से 250 शब्दों में)

22.पुरातत्वविद् हड़प्पाई समाज में सामाजिक –आर्थिक भिन्नता का पता किस प्रकार लगाते हैं। वे कौन सी भिन्नताओं पर ध्यान देते हैं? 10

अथवा

स्तूप क्यों बनाए जाते थे?स्तूपों का निर्माण किस प्रकार किया जाता था? 5+5

23.''किताब–उल–हिन्द'' किसने लिखा? यह किस भाषा में हैं? इस ग्रन्थ के लेखक ने भारत का वर्णन किस प्रकार किया है। 1+1+8

अथवा

कबीर एवं गुरुनानक के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए? 5+5

24.रैय्यतवाड़ी व्यवस्था का किसानों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा कीजिये? 10

अथवा

अवध के सन्दर्भ में लार्ड डलहौजी का यह कथन ''ये गिलास फल (cherry) एक दिन हमारे मुँह में आकर गिरेगा'' की समीक्षा कीजिये?

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए।_ 10

1. 78 ई0 2. 712ई0 3. 185 ईसापूर्व 4. 1206 ई0 5. 1347 ई0 6. 1510 ई0

7.1739 ई0 8. 1761 ई0 9. 1919 ई0 10. 1942 ई0

26. आपको दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिह्न ⦿ द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित है। 10

1.वह स्थान जहाँ से गाँधी जी ने दाण्डी यात्रा आरम्भ की।

2.वह स्थान जहाँ से वीर शैव परम्परा की शुरूआत हुयी।

3.वह स्थान जहाँ 1857 के विद्रोह की कमान जमींदार कुँवर सिंह ने सँभाली।

4.वह स्थान जहाँ गौतम बुद्ध ने प्रथम उपदेश दिया।

5.वह स्थान जहाँ 10 मई 1857 ई0 को छावनी के सिपाहियों ने विद्रोह किया।

<u>केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में–</u>

1.गाँधी जी ने दाण्डी यात्रा कहाँ से आरम्भ की?

2.वीर शैव परम्परा की शुरुआत कहाँ से हुई?

3.जमींदार कुँवर सिंह ने 1857 ई0 में विद्रोह की कमान कहाँ संभाली?

4.गौतम बुद्ध ने पहला उपदेश कहाँ दिया?

5.10 मई 1857 ई0 को सिपाहियों ने विद्रोह की शुरुआत कहाँ से की?